Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा – 9

हिन्दी

क्षितिज (गद्य खंड)

अध्याय–3 : उपभोक्ता की संस्कृति (श्यामाचरण दुबे)

भाग – 1

कुशाल सोलंकी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

विवरण (Overview)


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1. लेखक परिचय
2. उपभोक्ता की संस्कृति

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



श्यामाचरण दुबे का परिचय

1

जन्म : सन् 1922

2

जन्म स्थान : बुंदेलखंड (मध्य प्रदेश)

3

निधन : 1996

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



श्यामाचरण दुबे जी की प्रमुख रचनाएँ

- मानव और संस्कृति
- परंपरा और इतिहास बोध
- संस्कृति तथा शिक्षा
- समाज और भविष्य
- भारतीय ग्राम
- संक्रमण की पीड़ा
- विकास का समाजशास्त्र
- समय और संस्कृति

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



उपभोक्ता की संस्कृति

धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है। एक नयी जीवन-शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। उसके साथ आ रहा है एक नया जीवन-दर्शन-उपभोक्तावाद का दर्शन। उत्पादन बढ़ाने पर जोर है चारों ओर। यह उत्पादन आपके लिए है; आपके भोग के लिए है, आपके सुख के लिए है।

वर्चस्व – प्रधानता

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



'सुख' की व्याख्या बदल गई है। **उपभोग-भोग ही सुख है।** एक सूक्ष्म बदलाव आया है नई स्थिति में। उत्पाद तो आपके लिए हैं, पर आप यह भूल जाते हैं कि जाने-अनजाने आज के माहौल में आपका चरित्र भी बदल रहा है और आप उत्पाद को समर्पित होते जा रहे हैं।

विलासिता की सामग्रियों से बाज़ार भरा पड़ा है, जो आपको लुभाने की जी तोड़ कोशिश में निरंतर लगी रहती हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को ही लीजिए। टूथ-पेस्ट चाहिए? यह दाँतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है, यह मुँह की दुर्गंध हटाता है। यह मसूड़ों को मजबूत करता है और यह 'पूर्ण सुरक्षा' देता है। वह सब करके जो तीन-चार पेस्ट अलग-अलग करते हैं, किसी पेस्ट का 'मैजिक' फ़ार्मूला है। कोई बबूल या नीम के गुणों से भरपूर है, कोई ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत तथा मान्य वनस्पति और खनिज तत्वों के मिश्रण से बना है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



जो चाहे चुन लीजिए। यदि पेस्ट अच्छा है तो ब्रुश भी अच्छा होना चाहिए। आकार, रंग, बनावट, पहुँच और सफ़ाई की क्षमता में अलग-अलग, एक से बढ़कर एक। मुँह की दुर्गंध से बचने के लिए माउथ वाश भी चाहिए। सूची और भी लंबी हो सकती है पर इतनी चीज़ों का ही बिल काफ़ी बड़ा हो जाएगा, क्योंकि आप शायद बहुविज्ञापित और कीमती ब्रांड खरीदना ही पसंद करें।

विज्ञापित – प्रचारित/सूचित

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



सौंदर्य प्रसाधनों की भीड़ तो चमत्कृत कर देनेवाली है-हर माह उसमें नए-नए उत्पाद जुड़ते जाते हैं। साबुन ही देखिए। एक में हलकी खुशबू है, दूसरे में तेज़। एक दिनभर आपके शरीर को तरोताजा रखता है, दूसरा पसीना रोकता है, तीसरा जर्म्स से आपकी रक्षा करता है। यह लीजिए सिने स्टार्स के सौंदर्य का रहस्य, उनका मनपसंद साबुन ।

सौंदर्य प्रसाधन – सुंदरता बढ़ाने वाली सामग्री

Under CSR Support by
ipca | Foundation


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



सच्चाई का अर्थ समझना चाहते हैं, यह लीजिए। शरीर को पवित्र रखना चाहते हैं। यह लीजिए शुद्ध गंगाजल में बनी साबुन। चमड़ी को नर्म रखने के लिए यह लीजिए-महँगी है, पर आपके सौंदर्य में निखार ला देगी। संभ्रांत महिलाओं की ड्रेसिंग टेबल पर तीस-तीस हज़ार की सौंदर्य सामग्री होना तो मामूली बात है। पेरिस से परफ्यूम मँगाइए, इतना ही और खर्च हो जाएगा। ये प्रतिष्ठा-चिह्न हैं, समाज में आपकी हैसियत जताते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



पुरुष भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। पहले उनका काम साबुन और तेल से चल जाता था। आफ्टर शेव और कोलोन बाद में आए। अब तो इस सूची में दर्जन-दो दर्जन चीजें और जुड़ गई हैं।

छोड़िए इस सामग्री को। वस्तु और परिधान की दुनिया में आइए। जगह-जगह बुटीक खुल गए हैं, नए-नए डिज़ाइन के परिधान बाज़ार में आ गए हैं। ये ट्रेंडी हैं और महँगे भी। पिछले वर्ष के फ़ैशन इस वर्ष ?

परिधान – वस्त्र

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



शर्म की बात है। घड़ी पहले समय दिखाती थी। उससे यदि यही काम लेना हो तो चार-पाँच सौ में मिल जाएगी। हैसियत जताने के लिए आप पचास-साठ हज़ार से लाख-डेढ़ लाख की घड़ी भी ले सकते हैं। संगीत की समझ हो या नहीं, कीमती म्यूजिक सिस्टम ज़रूरी है। कोई बात नहीं यदि आप उसे ठीक तरह चला भी न सकें। कंप्यूटर काम के लिए तो खरीदे ही जाते हैं, महज़ दिखावे के लिए उन्हें खरीदनेवालों की संख्या भी कम नहीं है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER










खाने के लिए पाँच सितारा होटल हैं। वहाँ तो अब विवाह भी होने लगे हैं। बीमार पड़ने पर पाँच सितारा अस्पतालों में आइए। सुख-सुविधाओं और अच्छे इलाज के अतिरिक्त यह अनुभव काफ़ी समय तक चर्चा का विषय भी रहेगा, पढ़ाई के लिए पाँच सितारा पब्लिक स्कूल हैं, शीघ्र ही शायद कॉलेज और यूनिवर्सिटी भी बन जाए।

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)



Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1 उपभोक्तावाद के दर्शन के अनुसार 'सुख' का क्या अर्थ बदल गया है?

अ सेवा करना

ब संयमित जीवन जीना

स उपभोग और भोग

द त्याग करना

मूल्यांकन (Assessment)



2 निम्न में से किस वस्तु के लिए 'मैजिक फॉर्मूला' शब्द का प्रयोग हुआ है?

अ साबुन

ब माउथ वाश

स टूथपेस्ट

द परफ्यूम

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



3 सौंदर्य प्रसाधनों से संबंधित कौन-सी बात सही है?

अ उनकी संख्या घट रही है

ब वे केवल प्राकृतिक तत्वों से बनते हैं

स उनमें हर माह नए उत्पाद जुड़ते रहते हैं

द वे केवल महिलाओं के लिए होते हैं

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



4 निम्न में से कौन-सी उपभोक्तावाद की विशेषता नहीं है?

अ. साधारण जीवनशैली

ब. विज्ञापनों का प्रभाव

स. उत्पादों का आकर्षण

द. प्रतिष्ठा के लिए महँगे विकल्प

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



5 'उत्पाद तो आपके लिए हैं' वाक्य से लेखक का आशय क्या है?

अ उत्पाद वास्तव में आवश्यक हैं

ब उत्पाद केवल विशेष वर्ग के लिए हैं

स उपभोक्ता अब उत्पादों के अधीन हो गए हैं

द उत्पाद अब पुराने हो चुके हैं